Mass General Brigham

मास जनरल ब्रिघम

कोविड-19 वैक्सीन के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

अपडेट किया गया: 23 दिसंबर, 2020

सामान्य जानकारी

मुझे कोविड 19 टीका कब मिल सकता है?

सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में मास जनरल ब्रिघम इसका अनुसरण कर रहा है। प्राथमिकता के स्तर पर पहले फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मी वर्कर्स को वैक्सीन लगाई जाएगी| दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं और नर्सिंग होम में मरीजों को भी वैक्सीन मिल सकती है।

वैक्सीन आम जनता के लिए कब उपलब्ध होगी?

मैसाचुसेट्स के सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को अभी ऐसे लगता है कि अप्रैल और जून 2021 के बीच आम जनता को कभी भी वैक्सीन मिल सकती हैं। मैसाचुसेट्स डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ के माध्यम से इसे सब तक पहुँचने में समन्वित किया जाएगा।

यदि आप 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं और किसी न किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, या शिक्षा, परिवहन या सार्वजनिक कार्यों जैसे क्षेत्रों में काम करते हैं, तो आपको फरवरी और अप्रैल के बीच टीका मिल सकता है। रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) के वेब साइट पर कौन गंभीर बीमारी से जूझ रहा है इसके बारे में और टीका आम जनता के लिए कब उपलब्ध हो सकता है इस बारे में अधिक जानकारी दी गयी है ।

क्या बच्चों को टीका लगवा सकते हैं?

फ़िलहाल फाइजर वैक्सीन को 16 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए स्वीकृती दी गई है। मॉड़र्ना वैक्सीन बच्चों के लिए स्वीकृत नहीं है। यह 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्क व्यक्तिओं के लिए स्वीकृत है।

हमें कैसे पता चलेगा कि टीका कैसे काम करता है?

कोविड-19 वैक्सीन बेहद असरदार साबित हुई है। 3 चरणों के परीक्षणों के अनुसार, दुसरे डोस के 7 दिन बाद फाईजर वैक्सीन 95% प्रभावी साबित हुई है। दूसरे डोस के 14 दिन बाद मॉड़र्ना वैक्सीन 94% प्रभावी रही हैं । ये परिणाम लिंग, आयु, नस्ल और जाति से सुसंगत थे।

टीका लगवाने के बाद रोग प्रतिरोधक क्षमता कब तक बनी रहेगी? क्या मुझे हर साल टीकाकरण करने की आवश्यकता होगी?

अभी तक इसके बारे में निश्चित रूप से पता नहीं है। इसका असर कितने समय तक बना रहता है यह जानने के लिए नैदानिक परीक्षण द्वारा प्रतिभागियों की निगरानी करना जारी रखेगा । जैसे ही यह अपडेट हो जाएगा इसकी जानकारी हमें दी जाएगी।

क्योंकि हमें अभी तक यह पता नहीं है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता कितने समय तक बनी रहेगी, इसलिए हमें अभी भी अपने हाथ धोना, मास्क पहनना और सामाजिक रूप से दूरी बनाना महत्वपूर्ण है।

क्या टीका लगवाने के बाद हम मास्क पहनना और सामाजिक दूरी को बनाए रखना बंद कर सकते हैं?

नहीं, कतई नहीं। हमें मालूम हैं कि टीका आपको बीमार होने से बचाता है, लेकिन हम यह निश्चित रूपसे कह नहीं सकते कि आपके द्वारा यह अन्य लोगों तक फैलने से रोकता है। चूंकि सभी को तुरंत वैक्सीन नहीं मिलेगी, इसलिए हमें दूसरों की सुरक्षा के लिए सावधान रहना चाहिए। यदि आपको वैक्सीन मिलती

है, तो भी आपको मास्क जरुर पहनना चाहिए, सामाजिक दूरी को बरक़रार रखना चाहिए और अपने हाथों को नियमित रूप से धोना भी चाहिए। संक्रमण नियंत्रण विशेषज्ञ हमें बताएंगे कि इन सुरक्षा उपायों को कब बंद करना सुरक्षित रहेगा।

यदि हम मास्क पहनते हैं और सामाजिक दुरी भी बनाते हैं तो हमें वैक्सीन लेने की आवश्यकता क्यों है?

इस महामारी के रोकथाम के लिए हमें हमारे पास उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करने की आवश्यकता है। कोविड-19 वैक्सीन के साथ मास्क पहनना और सामाजिक दुरी बनाये रखना जैसे साधारण दैनिक क्रियाएं ही हम सबको कोविड-19 से सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा प्रदान करेगी। भले ही टीके औसतन 90% से 95% प्रभावी हैं, फिर भी आप नहीं जानते कि यह आपके लिए यह टिका कितना असरदार होगा। लगभग 5% से 10% लोगों को जिन्हें पहले टीका लग चूका है अभी भी उनमे वायरस मिलने की संभावना है। आपको वह सब कुछ करना चाहिए जिससे आप इससे दूर रह सके और इसे दूसरों को देने से बच सकें|

टिके द्वारा क्या कोविड-19 लोगों तक फ़ैल सकता हैं ?

नहीं, टीके में पूरे या जीवित वायरस नहीं होते हैं और इसलिए इससे कोविड-19 नहीं हो सकता है।

मुझे पहले ही कोविड -19 हो चुका था। क्या मुझे टीका लगवाना चाहिए?

हां, जब यह आपके लिए उपलब्ध हो जायेगा और यदि आपको कोविड -19 एक बार हो चुका है और आप ठीक हो गए है तब आप यह टीका लगवा सकते हैं । यदि आप कोविड -19 से सक्रिय रूप से बीमार हैं या कोविड -19 जैसे लक्षण हैं, तो आपको टीका नहीं लगवाना चाहिए।

वैक्सीन के दुष्परिणाम क्या है?

वैक्सीन लेने के बाद कुछ लोगों में दुष्प्रभाव नज़र आ सकते हैं । फाइजर और मॉड्र्ना दोनों टीकों में, हल्के दुष्परिणाम दिख सकते है जो एक या एक दिन के अंदर सही भी हो जाते हैं।

- फाइजर के टीके से, टिके के जगह पर दर्द होना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और ठंड लगना जैसे लक्षण दिख सकते है।
- मॉड़र्ना वैक्सीन से, टिके के जगह पर दर्द होना, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, ठंड लगना, जोड़ों में दर्द, इंजेक्शन वाले हाथ के लिम्फ नोड्स में सूजन, जी मिचलाना,उल्टी और बुखार जैसे लक्षण दिख सकते है।

मुझे अधिक जानकारी कहां से मिल सकती है?

- **COVID-**19 वैक्सीन प्राप्त करने के लाभ - https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/vaccines/vaccine-benefits.html
- जब टिके सीमित मात्रा में हो**,** तो सबसे पहले किसे टीका लगाया जाता है**?**- - https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/vaccines/recommendations.html
- मैसाचुसेट्स में कोविड**-**19 वैक्सीन-https://www.mass.gov/covid-19-vaccine-in-massachusetts
- जो लोग जोखिम भरे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं -– https://www.cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/faq.html#People-at-Higher-Risk-for-Severe-IllnesS
- खाद्य और औषधि प्रशासन फाइजर-बायो एन टेक कोविड**-**19 वैक्सीन - https://www.fda.gov/emergency-preparedness-and-response/coronavirus-disease-2019-covid-19/pfizer-biontech-covid-19-vaccine
- खाद्य और औषधि प्रशासन मॉड़र्ना कोविड**-**19 वैक्सीन - https://www.fda.gov/emergency-preparedness-and-response/coronavirus-disease-2019-covid-19/moderna-covid-19-vaccine
- मास जनरल ब्रिघम कोविड**-**19 वेबसाइट- https://www.massgeneralbrigham.org/covid19

Allergies

एलर्जी

क्या मुझे कोविड-19 टीके से होने वाली एलर्जी के बारे में चिंतित होना चाहिए?

कुछ लोगों को टीका लगने के बाद एलर्जी होने की कुछ खबरें मिली हैं। जिन लोगों को तीव्र एलर्जी प्रतिक्रिया हुई जिसे एनाफिलेक्सिस कहा जाता है पर वह संख्या में कम थे।, यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन और सीडीसी ने इसके आधार पर सिफारिश की है कोविड 19 वैक्सीन में किसी भी सामग्री के एनाफिलेक्सिस के इतिहास वाले लोगों को वैक्सीन नहीं मिलनी चाहिए।

सामान्य तौर पर, किसी भी एक टीके से एलर्जी वाले अधिकांश रोगियों को सुरक्षित रूप से अन्य टीकाकरण दिए जा सकते हैं। यदि आपको टीके, इंजेक्शन लगाने योग्य उपचारों या कोविड -19 वैक्सीन के किसी भी घटक के संदर्भ में गंभीर एलर्जी है, तो आपको अपने प्राथमिक चिकित्सक या एलर्जीस्ट से परामर्श करना चाहिए। आपका परामर्शदाता यह सुनिश्चित करेगा कि क्या टीका लगवाना आपके लिए सुरक्षित है।

फाइजर-बायोएनटेक और मॉड़र्ना कोविड-19 टीकों में कौन से तत्व हैं?

फाइजर और मॉड़र्ना के कोविड-19 के टीकों में जिलेटिन, अंडा या लेटेक्स नहीं होता है। इसके अलावा, वायल के स्टॉपर्स प्राकृतिक रबर लेटेक्स से बने नहीं होते हैं। इसलिए जिन रोगियों को लेटेक्स से एलर्जी है, वे भी फाइजर या मॉडर्न कोविड -19 वैक्सीन प्राप्त कर सकते हैं।

फाइजर और मॉड़र्ना के कोविड-19 के दोनों टीकों में पॉलीइथिलीन ग्लाइकॉल होता है। पॉलीइथिलीन ग्लाइकोल के प्रति प्रतिक्रिया बहुत दुर्लभ होते हैं। पॉलीइथिलीन ग्लाइकोल से एलर्जी के इतिहास वाले मरीजों को फाइजर या मॉड़र्ना वैक्सीन लेने से पहले अपने परामर्शदाता से परामर्श करना चाहिए।

फाइजर-बायोएनटेक और मॉड़र्ना कोविड-19 टीकों की सामग्री

	फाइजर-बायोएनटेक	मॉड़र्ना
सक्रिय	न्यूक्लियोसाइड- मॉडिफाइड मैसेंजर आरएनए (modRNA) SARS-CoV- 2 के वायरल स्पाइक (एस) ग्लाइकोप्रोटीन को एन्कोड करता है।	न्यूक्लियोसाइड- मॉडिफाइड एमआरएनए SARS-CoV- 2 के वायरल स्पाइक (एस) ग्लाइकोप्रोटीन को एन्कोड करता है।
निष्क्रिय - लिपिड	(4-हाइड्रॉक्सी ब्यूटाइल) अज़ानेडियल) बीआईएस (हेक्सेन-6,1-डायिल) बीआईएस (2- हेक्साल डिकेनोएट)	एसएम-102 (प्रोप्राइटरी टू मॉड़र्ना)
	2 [(पॉलीइथिलीन ग्लाइकोल [पीईजी]) -2000] -एन, एन- डायटेट्राडेसीलएसिटामाइड	पॉलीइथाइलीन ग्लाइकॉल (पीईजी) 2000 डायमाइरिस्टॉयल ग्लिसरॉल (डीएमजी)
	1,2-डिस्ट्रोइल-एसएन-ग्लिसरो-3-फॉस्फोकोलीन	1,2-डिस्ट्रोइल-एसएन-ग्लिसरो-3-फॉस्फोकोलीन
	कोलेस्ट्रॉल	कोलेस्ट्रॉल

निष्क्रिय - लवण, शर्करा, बफ़र	पोटेशियम क्लोराइड, मोनोबैसिक पोटैशियम फॉस्फेट, सोडियम क्लोराइड, डाय बेसिक सोडियम फॉस्फेट डाइहाइड्रेट	ट्रोमिथेमाइन, ट्रोमिथेमाइन हाइड्रोक्लोराइड, एसिटिक एसिड, सोडियम एसीटेट
	शुगर (सुक्रोज)	शुगर (सुक्रोज)
	प्रबंधन के लिए वैक्सीन में घुलने वाला पदार्थ सलाइन जोड़ा जाता है, (सोडियम क्लोराइड)	इसमें घुलने वाला पदार्थ की जरुरत नहीं होती.